**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, तारानगर (चूरू)**
**पीठासीन अधिकारी श्री सूर्यकान्त शर्मा (आर.ए.एस.)**
**अनुवान :- संतोष देवी बनाम राजस्थान सरकार**
प्रार्थना पत्र संख्या :- 141/2023
**निर्णय दिनांक :-** ...24/06/24......

संतोष देवी पत्नी कुरड़ाराम जाति जाट निवासी साहवा तहसील तारानगर जिला चूरू हाल आबाद नोहर जिला हनुमानगढ़।

प्रार्थीनी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार साहब तारानगर जिला चूरू

अप्रार्थी

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128, 129 राजस्थान लैण्ड रेवन्यू एक्ट**

उपस्थित :-1. श्री अशोक सिहांग अभिभाषक वास्ते प्रार्थी
2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तारानगर जिला चूरू वास्ते अप्रार्थी

## -: निर्णय :-

प्रार्थीनी ने प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अन्तर्गत धारा 111, 128, 129 एल.आर. एक्ट इस आशय का पेश किया कि **कृषि भूमि खसरा नं. 3682/922 तादादी 3.6333 हैक्ट. रोही मौजा ग्राम साहवा** तहसील तारानगर जिला चूरू की खातेदार काश्तकार प्रार्थीनी है। कृषि भूमि के पड़ौसियान हमेशा सींव बाबत प्रार्थीनी के साथ झगड़ा फसाद करते रहते हैं जिस कारण प्रार्थीनी अपने खेत के चारो तरफ बाड़ बगैरह सही ढंग से नहीं कर सकती ना ही अपने खेत को सुधार सकती है। व उक्त कृषि भूमि गांव के निकट होने से आवारा पशुओं का खेत में घुसने व फसल को नष्ट करने का खतरा हमेशा बना रहता है। प्रार्थीनी की कृषि भूमि मौका पर कम भी हो गई है। इसलिए प्रार्थीनी अपनी कृषिभूमि की पैमाईश करवा कर इसके चारों ओर पत्थर गढ़ी करवाना चाहती है। आदि-आदि।

इस प्रकार प्रार्थीनी ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपनी उक्त कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी कराने का निवेदन किया।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को तलब किया गया। अप्रार्थी की तरफ से राजपैरोकार उपस्थित। राजपैरोकार ने प्रकरण में राजहित नही होना जाहिर किया। इस प्रकार प्रार्थना पत्र का कोई खण्डन पेश नही हुआ।

बहस वकील प्रार्थीनी की सुनी गई। वकील प्रार्थीनी ने बहस में प्रार्थना पत्र के तथ्यों को ही दोहराते हुये प्रार्थना पत्र स्वीकार करने एवं विवादित भूमि की पत्थरगढ़ी कराने का निवेदन किया। वकील प्रार्थीनी की बहस पर गौर किया गया तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थीनी खेत

उपखण्ड अधिकारी
तारानगर(चूरू)

**कृषि भूमि खसरा नं. 3682/922 तादादी 3.6333 हैक्ट. रोही मौजा ग्राम साहवा** तहसील तारानगर जिला चूरू की रिकॉर्ड खातेदार है। भूमि प्रार्थीनी की एकल खातेदारी में है। प्रार्थीनी अपने खेत व काश्त की सुरक्षा के लिए चारो ओर निशानदेही देकर पत्थर गढ़ी करवाना चाहती है। प्रार्थीनी की भूमि की पत्थरगढ़ी से किसी भी पक्ष को कोई नुकसान होना प्रतीत नहीं होता। प्रार्थना पत्र का कोई खण्डन भी पेश नहीं हुआ हैं।

वर्णित विवेचन से प्रार्थीनी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है अतः स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार तारानगर को आदेश दिया जाता है कि वह पड़ौसी खातेदारों को सूचित करते हुए राजस्व नक्शा के मुताबिक **कृषि भूमि खसरा नं. 3682/922 तादादी 3.6333 हैक्ट. रोही मौजा ग्राम साहवा** सीमाचिन्ह स्वयं अथवा नायब तहसीलदार के निर्देशन में राजस्व कार्मिक टीम से कायम करावें। सीमाचिन्ह कार्यवाही का समस्त खर्चा प्रार्थीनी वहन करेगा। निर्णय की एक प्रमाणित प्रतिलिपि तहसीलदार को पालनार्थ भेजी जावें।

(सूर्यकान्त शर्मा आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी,
तारानगर (चूरू)

निर्णय आज दिनांक 24/06/24 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया।

(सूर्यकान्त शर्मा आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी,
तारानगर (चूरू)